बरेली, सोमवार
6 मई 2019
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 20

दैनिक जागरण

PAGE NO. 07 : MIDDLE LEFT

एसआरएमएस और स्टार इलेवन विजेता

स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रहे रानी अवंतीबाई लोधी क्रिकेट टूर्नामेंट में खेलती युवा हस्ताक्षर व एसआरएमएस की टीम ● जागरण

जासं, बरेली : स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रहे वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे दिन स्टार इलेवन और एसआरएमएस विजेता बने हैं। पहले मैच में बल्लेबाजी करते हुए स्टार इलेवन ने 20 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 226 रन बनाए। स्टार के लारा 87 रन की पारी खेलकर स्टार बने। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सुपर किंग बरेली की टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर महज 82 रन ही बना सकी। स्टार की ओर से कामरान और मुकेश ने दो-दो विकेट झटके। दूसरा मैच युवा हस्ताक्षर और एसआरएमएस के बीच हुआ। युवा हस्ताक्षर पहले बल्लेबाजी करने उतरी। 15.4 ओवर में महज 65 रन बनाकर हस्ताक्षर टीम ढेर हो गई। एसआरएमएस की ओर से अनंत ने तीन, आनंद-शुभ ने दो-दो विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एसआरएमएस टीम ने महज 6.3 ओवर में बगैर कोई विकेट गंवाए मैच जीत लिया।